# अमेरिकी प्रभारी राजदूत को किया तलब

- चार भारतीयों की मौत के बाद एक्शन में भारत
- दूसरी बार विदेश मंत्रालय ने जेसन मीक्स को बुलाया



**नई दिल्ली, 12 जून. ओमान तट और होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट भारतीय नाविकों वाले व्यापारिक जहाजों पर हुए अमेरिकी सैन्य हमलों को लेकर भारत ने अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया है.**

विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी दूतावास के प्रभारी राजदूत जेसन मीक्स को तलब कर भारतीय नाविकों की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की और इस तरह की घटनाओं को तत्काल रोकने की मांग की. पिछले चार दिनों में अमेरिकी राजनयिक को दूसरी बार तलब किया जाना इस मुद्दे पर भारत की गंभीरता को दर्शाता है. विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (अमेरिका) नागराज नायडू ने अमेरिकी पक्ष के समक्ष भारतीय नागरिकों की सुरक्षा का मुद्दा प्रमुखता से उठाया. गुरुवार को हुए हमले में भारतीय नाविकों वाले जहाज एमटी जलवीर को निशाना बनाया गया था. हालांकि ओमान की नौसेना की सहायता से जहाज पर सवार सभी 20 भारतीय नाविकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया.

### बांग्लादेश में भारत के नए उच्चायुक्त के सामने कूटनीतिक परीक्षा



**नई दिल्ली, 12 जून.** भारत के नए उच्चायुक्त दिनेश त्रिवेदी ऐसे समय में बांग्लादेश की राजधानी ढाका पहुंचने जा रहे हैं, जब दोनों पड़ोसी देशों के रिश्ते कई महत्वपूर्ण मोड़ों से गुजर रहे हैं. राजनीतिक बदलाव, रणनीतिक चुनौतियां और आर्थिक हितों के नए समीकरण भारत-बांग्लादेश संबंधों को प्रभावित कर रहे हैं। ऐसे में त्रिवेदी के सामने सबसे बड़ी जिम्मेदारी इन संबंधों को स्थिर बनाए रखते हुए उन्हें नई दिशा देना होगी। ढाका रवाना होने से पहले उन्होंने कहा कि भारत और बांग्लादेश के रिश्ते विशेष हैं और समय-समय पर आए राजनीतिक उतार-चढ़ाव के बावजूद उनकी नींव मजबूत बनी हुई है. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दोनों देशों के लगभग 160 करोड़ लोगों की आकांक्षाएं इन संबंधों से जुड़ी हुई हैं.

## अभिषेक बनर्जी के घर पहुंची सीआईडी

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद तृणमूल कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर कानूनी गाज गिरनी तेज हो गई है. पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद अब उनके भतीजे और टीएमसी के अखिल भारतीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की मुश्किलें भी बेहद बढ़ गई हैं. चुनाव प्रचार के दौरान दिए गए उनके विवादित 'डीजे' वाले बयान के मामले में शुक्रवार दोपहर राज्य की खुफिया जांच एजेंसी सीआईडी की टीम सीधे उनके कालीघाट स्थित पटुआपारा आवास पर पहुंच गई. जब जांच अधिकारी उनके घर पहुंचे, तो अभिषेक बनर्जी वहां मौजूद नहीं थे.

# बीजीबीएस के आयोजन में 635 करोड़ रुपये के भुगतान की होगी जांच : शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता, 12 जून. पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को घोषणा करते हुए कहा कि राज्य में पिछली तृणमूल कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान आयोजित बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट (बीजीबीएस) पर हुए खर्च की जांच की जायेगी.**



श्री अधिकारी ने आरोप लगाया कि बीजीबीएस के आयोजन के लिए एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी को 635 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया.

श्री अधिकारी ने कहा कि मुझे पता चला कि बीजीबीएस का आयोजन करने के लिए एक खास इवेंट मैनेजमेंट कंपनी को 635 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया. मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पिछली सरकार ही इस कार्यक्रम की आयोजक थी. उन्होंने यह बात केंद्र में श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 साल पूरे होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कही. श्री अधिकारी ने आगे कहा कि यह बहुत बड़ी रकम है. हम इस बात की जांच शुरू करेंगे कि पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस सरकार ने यह रकम कैसे खर्च की. मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि इस बात की भी पड़ताल की जाएगी कि क्या इसमें धनशोधन मामला शामिल था. श्री अधिकारी ने कहा कि हम किसी को भी बख्शेंगे नहीं. हम धनशोधन के पहलू की भी जांच करेंगे.

## फिल्म के टीजर और रिलीज पर रोक लगाने की मांग को लेकर याचिका

**नई दिल्ली.** विवादित फिल्म 'काला हिरण- द बैटल फॉर लेगेसी' को लेकर अभिनेता सलमान खान और फिल्म निर्माताओं के बीच कानूनी विवाद गहरा गया है. शुक्रवार को फिल्म का फर्स्ट लुक और प्रचार सामग्री सामने आने के बाद अभिनेता ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर फिल्म के टीजर और रिलीज पर रोक लगाने की मांग की है. सलमान खान की ओर से पहले ही फिल्म के निर्माताओं को कानूनी नोटिस भेजा गया था. नोटिस में फिल्म की सामग्री और उसके संभावित प्रभावों पर आपत्ति जताई गई थी. इसके बावजूद निर्माताओं ने फिल्म का फर्स्ट लुक सार्वजनिक कर दिया,

# देश में बदलाव मोदी नेतृत्व से संभव : आदित्यनाथ योगी

लखनऊ, 12 जून. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चमत्कारिक नेतृत्व का लाभ देश को मिला है. मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में योगी ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश में बड़ा सकारात्मक बदलाव आया है.

उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास' को धरातल पर उतारा गया. उन्होंने कहा, 'पहले की सरकारों ने समाज को बांटने का काम किया, लेकिन पीएम मोदी ने गरीब, महिला, युवा और



किसान - इन चार जातियों को केंद्र में रखकर योजनाएं बनाईं और उनके उत्थान के लिए काम किया. उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया में अपने सामर्थ्य का लोहा मनवाया है. योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो रहा है और पहली बार किसी प्रधानमंत्री ने योजनाओं को लागू करने के लिए शानदार काम किया है.

# नाविकों की मौत पर राहुल गांधी ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली, 12 जून. लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में तीन दिनों के भीतर तीन जहाजों पर हुए अमेरिकी हमलों में तीन भारतीय नाविकों की मौत पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि इस मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुप्पी हैरान करने वाली है और उन्हें अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए.**

श्री गांधी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि अन्तरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में तीन दिन में तीन जहाजों पर अमेरिकी हमलों में तीन भारतीयों की मृत्यु हो गई और हमारे कम्प्रोमाइज्ड पीएम एक शब्द तक नहीं बोले. जब कोई विदेशी ताकत किसी भारतीय की हत्या



करे, तो प्रधानमंत्री को बोलना पड़ता है, लेकिन मजाल है कि ये एक शब्द बोल जाएं. उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में श्री मोदी विश्व नेताओं से मुलाकात करेंगे, लेकिन जिन हमलों में तीन भारतीय नाविकों की मौत हुई. उनके प्रति सरकार की चुप्पी चिंताजनक है. उनका कहना था, अगले हफ्ते जी-7 में हमारे नाविकों की हत्या के बस चंद दिनों बाद मोदी जी मुस्कुराएंगे,

### खरगे ने जताई चिंता

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर कहा है कि हाल के वर्षों में यह चिंताजनक स्थिति देखने में आयी है कि बच्चों को फिर शोषणकारी मजदूरी की तरफ धकेला जा रहा है और इस बुराई के उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयासों की सख्त जरूरत है. कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि बच्चों को शोषण से बचाने की जिम्मेदारी सबकी है.उन्होंने इसके लिए सामूहिक कदम उठाने का आह्वान किया और कहा कि प्रत्येक बच्चे के सीखने, बढ़ने और बेहतर भविष्य के अधिकार की रक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए. श्री खरगे ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और शोषणमुक्त बचपन का अधिकार

# परमाणु ऊर्जा से जुड़ी वस्तुओं के आयात पर सीमा शुल्क माफ

**नई दिल्ली, 12 जून. सरकार ने परमाणु ऊर्जा से जुड़ी वस्तुओं के आयात पर 01 अप्रैल 2019 से 31 जनवरी 2026 की अवधि के लिए पूर्व प्रभाव से सीमा शुल्क माफ कर दिया है.**

वित्त मंत्रालय द्वारा गुरुवार देर रात जारी अधिसूचना में कहा गया है कि 01 फरवरी 2026 की अधिसूचना के माध्यम से उस तारीख से परमाणु ऊर्जा उत्पादन के लिए सभी वस्तुओं पर देय संपूर्ण सीमा शुल्क से मुक्त आयात की अनुमति दी गयी है. हालांकि उससे पहले इन वस्तुओं पर सीमा शुल्क का प्रावधान था. इसमें कहा गया है कि इन वस्तुओं पर 01 अप्रैल 2019 से 31 जनवरी 2026 की अवधि के दौरान लगाये जाने वाले सीमा शुल्क की वसूली न करने के संबंध में एक प्रथा समान्यत: प्रचलन में थी. मंत्रालय की गुरुवार को जारी अधिसूचना में कहा गया है, केंद्र सरकार एतद द्वारा निर्देश देती है कि ...उक्त वस्तुओं के आयात पर देय संपूर्ण सीमा शुल्क, यदि कोई हो, दिनांक 01 अप्रैल 2019 से दिनांक 31 जनवरी 2026 की अवधि के दौरान उक्त वस्तुओं के आयात के संबंध में देना अपेक्षित नहीं होगा. उल्लेखनीय है कि सरकार ऊर्जा आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए दूसरे गैर-परंपरागत ऊर्जा स्रोतों के साथ परमाणु ऊर्जा को भी बढ़ावा देने की कोशिश कर रही है.

## एक नजर में

### आतंकवादी हमलों में दो पुलिसकर्मियों की मौत

**इस्लामाबाद, 12 जून.** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में अलग-अलग हमलों में दो पुलिस जवानों की हत्या कर दी गयी है. पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. स्थानीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि ताजा घटना शुक्रवार सुबह की है, जब बन्नू जिले के आजाद मंडी इलाके के पास अज्ञात बंदूकधारियों ने एक पुलिस कांस्टेबल की गोली मारकर हत्या कर दी. कांस्टेबल एक धार्मिक सभा में शामिल होने के बाद घर लौट रहा था. एक अन्य अलग हमले में गुरुवार रात सैदगी बका खेल इलाके में एक और पुलिस कांस्टेबल को उसके घर के बाहर गोली मार दी गयी. अधिकारी ने दोनों घटनाओं को आतंकवादी हमला करार दिया है और कहा कि मामले की जांच चल रही है. अधिकारियों ने बताया कि हमलावरों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए प्रभावित इलाकों में तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है. फिलहाल, किसी भी संगठन ने इन हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली है.

### कांगो में इबोला के मामले बढ़कर 676 हुए

**किंशासा, 12 जून.** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में इबोला के पुष्टिकृत मामलों की संख्या बढ़कर 676 हो गयी है, जिनमें 136 लोगों की मौत हो गयी है. स्वास्थ्य अधिकारियों ने लगातार हो रहे कम्युनिटी ट्रांसमिशन और इस महामारी के अचानक अन्य भौगोलिक क्षेत्रों में फैलने के खतरे की चेतावनी दी है. डीआरसी के स्वास्थ्य अधिकारियों की गुरुवार को जारी नवीनतम स्थिति रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को इतुरी और उत्तरी कीवू प्रांतों में 41 नये पुष्ट मामले सामने आये हैं, जिनमें नौ मौतें शामिल हैं. इबोला वायरस के बुंदीबुग्यो स्ट्रेन के कारण फैली यह महामारी अब तक तीन पूर्वी प्रांतों इतुरी, उत्तरी कीवू और दक्षिणी कीवू के 29 स्वास्थ्य क्षेत्रों को प्रभावित कर चुकी है. नवीनतम आधिकारिक मूल्यांकन में कहा गया है कि हफ्ते-दर-हफ्ते पुष्टिकृत मामलों में बढ़ोतरी हो रही है.

# टैंकर से मिसाइल वॉरहेड को सुरक्षित निकाला

**कोच्चि, 12 जून। भारतीय नौसेना ने कोच्चि जा रहे एक कच्चे तेल के टैंकर में मिले जिंदा मिसाइल वॉरहेड को सफलतापूर्वक बरामद किया और उसे सुरक्षित रूप से नष्ट कर दिया, जिससे समुद्र और बंदरगाह सुरक्षा से जुड़ा एक संभावित गंभीर खतरा टल गया.**

यह अभियान बहुत संवेदनशील था जिसे मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाले टैंकर एमटी ओलंपिक लाइफ पर किया गया. 26 मई को ओमान के तट से गुजरते समय एक धमाके से जहाज के निचले हिस्से को नुकसान पहुंचा था, जिसके बाद उसमें बिना फटा हुआ विस्फोटक के होने की सूचना मिली थी। यह जहाज यूएई के फुजैराह से कोच्चि जा रहा था और इसमें कोई भारतीय नागरिक सवार नहीं था। इन्फॉर्मेशन फ्यूज़न सेंटर-इंडियन ओशन रीजन के आधार पर, नौसेना ने एक समन्वित कार्रवाई शुरू की। खतरे का आकलन करने के लिए कोच्चि स्थित दक्षिणी नौसेना कमान की एक विशेषज्ञ टीम को तैनात किया गया। टीम ने पाया कि एक प्रोजेक्टाइल जहाज़ की बाहरी संरचना को भेदकर एक फ़्यूल टैंक में फंसा हुआ था. फ्यूल टैंक में जिंदा मिसाइल वॉरहेड से जुड़े गंभीर खतरों के मद्देनजर योजना बनाकर चरणबद्ध तरीके से काम किया.

### ले. जनरल घई का ऑपरेशन सिंदूर में रणनीतिक नेतृत्व



**नई दिल्ली 12 जून.** एक वर्ष पहले ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना के संचालन महानिदेशक रहे और अभी सेना के डिप्टी चीफ (रणनीति) के रूप में कार्यरत ले. जनरल राजीव घई को एक बेहद अहम जिम्मेदारी देते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय में सैन्य सलाहकार नियुक्त किया गया है. ले. जनरल घई को प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल राजा सब्रमणि की जगह यह जिम्मेदारी दी गयी है. जनरल सुब्रमणि प्रमुख रक्षा अध्यक्ष बनने से पहले सैन्य सलाहकार के पद पर थे. ले. जनरल घई ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान महत्वपूर्ण रणनीतिक भूमिका निभाई थी.

# दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति को 30 वर्ष की और सजा, काट रहे हैं उम्रकैद

**सोल, 12 जून. दक्षिण कोरिया के एक न्यायालय ने पूर्व राष्ट्रपति यून सुक येओल को उत्तर कोरिया में ड्रोन भेजने के आरोप में 30 साल जेल की अतिरिक्त सजा सुनायी है. वह फिलहाल उम्रकैद की सजा काट रहे हैं.**

सरकारी वकीलों का तर्क था कि यून ने अक्टूबर 2024 में उत्तर कोरिया को उकसाने के लिए इस सैन्य अभियान का आदेश दिया था, ताकि उसी वर्ष बाद में देश में मार्शल लॉ (सैन्य शासन) लगाने का बहाना तैयार किया जा सके। यून ने जब तीन दिसंबर को देश में मार्शल लॉ की घोषणा की थी, तब उन्होंने दावा किया था कि वह उत्तर कोरिया के प्रति हमदर्दी रखने



वाली राष्ट्र-विरोधी ताकतों से देश की रक्षा कर रहे हैं. लेकिन जल्द ही यह साफ हो गया कि वह अपनी घरेलू राजनीतिक दिक्कतों से घिरे थे. बाद में भारी जन-विरोध के आगे झुककर उन्होंने यह आदेश वापस ले लिया था. मार्शल लॉ की इस कोशिश के कारण यून पर महाभियोग चलाकर उन्हें पद से हटा दिया गया था और वह फिलहाल उम्रकैद की सजा काट रहे हैं.

## पूर्वोत्तर क्षेत्र में 14 करोड़ की विदेशी सिगरेट जब्त

नई दिल्ली, 12 जून. राजस्व खुफिया निदेशालय ( डीआरआई ) ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में तस्करी विरोधी समन्वित अभियान में 14 करोड़ रुपये मूल्य की 71 लाख विदेशी सिगरेट जब्त कर इस मामले में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। वित्त मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार विदेशी मूल की सिगरेटों की तस्करी के खिलाफ मई में शुरू किये गये एक बड़े और समन्वित अभियान के तहत डीआरआई ने पूर्वोत्तर क्षेत्र से तस्करी कर लायी गयी कुल लगभग 71,00,000 विदेशी सिगरेट जब्त की है.

जब्त माल की अनुमानित कीमत लगभग 14 करोड़ रुपये है. इन मामलों में चार व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया गया है.

## महान हस्तियों के ट्वीट



गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई ने हाल ही में जैमिनी ओमनी लैश के फीचर के बारे में लोगों को अवगत कराया उन्होंने ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि शानदार खबर जैमिनी ओमनी लैश अब वीडियो एरीना में 1 पर है. इस बड़ी कामयाबी के लिए गूगलदीप मंद को बधाई!



अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के वर्तमान चेयरमैन जय शाह ने केन विलियमसन को इंटरनेशनल करियर के लिए बधाई दी है. उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा - केन विलियमसन को उनके शानदार इंटरनेशनल करियर के लिए बधाई, जो क्लास, विनम्रता और बेहतरीन लीडरशिप पर आधारित रहा है.

## विकास और विकास यात्रा अब विकसित भारत संकल्प : चौधरी

**लखनऊ.** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने आज पार्टी के कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि विकास और विकास यात्रा अब विकसित भारत संकल्प में बदल चुकी है. उन्होंने 2014 से 2026 तक के 4402 दिनों को आम आदमी के जीवन में बदलाव का सफर बताया. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पिछले 12 साल व्यवस्था परिवर्तन के साथ-साथ व्यवहार बदलने के प्रतीक हैं. पहले हर सरकारी काम के लिए लंबी लाइन लगती थी, आज हर चीज ऑनलाइन हो गई है.

# लंबित मामलों में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, 12 जून. सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार को पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर से जुड़े लंबित अनुशासनात्मक मामलों में समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है.**

अदालत ने स्पष्ट कहा कि सभी चार लंबित अनुशासनात्मक कार्यवाहियों को छह महीने के भीतर पूरा किया जाए. पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर 1992 बैच के उत्तर प्रदेश कैडर के अधिकारी रहे हैं. उन्हें 23 मार्च 2021 को केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर अनिवार्य



सेवानिवृत्ति दी गई थी. विभागीय जांचों के बाद उन्हें 'सार्वजनिक हित में अनुपयुक्त' पाया गया था, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई. यदि यह निर्णय नहीं लिया जाता, तो वह 2028 तक सेवा में बने रहते. इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा की पीठ ने की.

## आज का इतिहास

1290 - खिलजी प्रमुख जलालुद्दीन फिरोजशाह दिल्ली की गद्दी पर बैठा और इसके साथ ही गुलाम वंश के शासन का अंत हुआ.

1731 - स्वीडिश ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना.

1757 - बंगाल, बिहार और उड़ीसा के नवाब सिराजुद्दौला से युद्ध करने के लिए ईस्ट इंडिया कंपनी के रॉबर्ट क्लाइव ने मुर्शिदाबाद की तरफ कूच किया.

1888 - अमेरिकी कांग्रेस ने श्रम विभाग का गठन किया.

1909 - केरल के पालाघाट में ई एम एस नंबूदरिपाद का जन्म.

# गोवा सरकार पर बिजली को लेकर केजरीवाल का हमला

### 300 यूनिट मुफ्त बिजली की मांग तेज

**पणजी, 12 जून. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गोवा में मुफ्त बिजली की मांग की है. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि गोवा में बिजली की दरें बहुत अधिक हैं, जिससे लोग नाराज हैं.**

उन्होंने यह भी दावा किया कि सत्तारूढ़ दल के एक मंत्री ने स्वयं इस बात को स्वीकार किया है कि राज्य में बिजली की कीमतें जनता




पर भारी पड़ रही हैं. केजरीवाल ने अपने पोस्ट में मांग की कि जैसे दिल्ली और पंजाब में घरेलू उपभोक्ताओं को 200 से 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली की सुविधा दी जाती है, वैसे ही गोवा में भी प्रति घर 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली लागू की जानी चाहिए.

## सुरक्षा बजट

### रक्षा बजट का आवंटन 2 .5 लाख करोड़ से बढ़ाकर 8 लाख करोड़ किया

# भाजपा अगली पीढ़ी का सोचती है चुनाव का नही : सिंह



**हैदराबाद, 12 जून.** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ईमानदारी की बात करते हुए कहा कि भाजपा हमेशा अगली पीढ़ी के भविष्य को ध्यान में रखकर काम करती है, न कि अगले चुनाव को लेकर चिंतित रहती है. सिंह ने यह बात इंटेलेक्चुअल मीट में कही और जोर देकर कहा कि पार्टी के कार्य और नीयत में कोई अंतर नहीं है. सिंह ने कहा कि भारत का हर रुपया देश की सुरक्षा और विकास में निवेश किया जा रहा है। उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं होने की बात कही. ''हम अगले चुनाव के बारे में नहीं सोचते, हमारी चिंता अगली पीढ़ी के साथ क्या होगा, इस पर केंद्रित रहती है. उन्होंने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की पूर्व सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए. 2जी घोटाला, कोयला घोटाला और राष्ट्रमंडल खेल घोटाला जैसी घटनाओं ने राजकोष को भारी नुकसान पहुँचाया। संप्रग शासनकाल में लगभग हर दिन किसी न किसी घोटाले की खबर आती थी. अपने कार्यकाल (2014-2019) का उल्लेख करते हुए बताया कि गृह मंत्री रहते हुए रक्षा बजट का आवंटन 2.5 लाख ??करोड़ से बढ़ाकर 8 लाख करोड़ रुपये किया.

### डीआरडीओ को भविष्य की युद्ध प्रौद्योगिकी पर देना चाहिए ध्यान

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) से अनुसंधान और विकास के साथ-साथ रक्षा उपकरणों के बड़े पैमाने पर उत्पादन की प्रक्रिया में तेजी लाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि आधुनिक युद्ध में सफलता सुनिश्चित करने के लिए केवल प्रौद्योगिकी श्रेष्ठता ही काफी नहीं है बल्कि सशस्त्र बलों के पास रक्षा उपकरण भी पर्याप्त मात्रा में होने चाहिए.

## एनटीए ने नीट परीक्षा की अवधि 15 मिनट बढ़ाई

**नई दिल्ली.** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (यूजी) -2026 परीक्षा को अधिक छात्र-अनुकूल बनाने के लिए परीक्षा समय को 15 मिनट बढ़ाने का फैसला किया है. एनटीए ने शुक्रवार को सार्वजनिक सूचना जारी कर कहा कि 21 जून को आयोजित होने वाली परीक्षा में परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परीक्षा की कुल अवधि बढ़ाकर 195 मिनट कर दी गई है. अब परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम सवा पांच बजे तक आयोजित होगी. इस अतिरिक्त समय में उपस्थिति पत्रक पर हस्ताक्षर और अन्य अनिवार्य औपचारिकताओं का समय भी शामिल रहेगा, जिससे छात्रों को वास्तविक परीक्षा समय में किसी प्रकार की कमी महसूस नहीं होगी.

# विमान हादसे की जांच में अटकलबाजी से बचें

### अहमदाबाद में 12 जून 2025 को हुआ था विमान क्रेश

**नयी दिल्ली, 12 जून (वार्ता) गुजरात के अहमदाबाद में 12 जून 2025 को हुए एयर इंडिया विमान हादसे की जांच कर रही हवाई दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने शुक्रवार को कहा कि वह अत्यंत सावधानी से हर पहलू की जांच कर रहा है, और मीडिया तथा आम लोगों से किसी प्रकार की अटकलबाजी से परहेज करने की अपील की है.**

ठीक एक साल पहले हुई एआई171 की दु:खद दुर्घटना के पीड़ित परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए एएआईबी ने आज एक अंतरिम बयान में बताया कि पिछले एक साल में जांच दल ने दुर्घटना से संबंधित सभी



तकनीकी, परिचालन, संगठनात्मक और मानवीय पहलुओं की व्यापक एवं गहन जांच की है। विमान प्रणालियों, फ्लाइट रिकॉर्डर डेटा, इंजन से संबंधित घटकों, रखरखाव एवं परिचालन दस्तावेजों तथा जांच से जुड़े अन्य साक्ष्यों के परीक्षण और विश्लेषण में ठोस प्रगति हुई है।

उसने बताया कि एकत्रित साक्ष्यों और विभिन्न परीक्षणों के परिणामों का वर्तमान में समग्र और एकीकृत तरीके से विश्लेषण किया जा रहा है। जहां भी जरूरी समझा जायेगा, अतिरिक्त तकनीकी मूल्यांकन और विशेषज्ञ परीक्षण जारी रखे जायेंगे, ताकि सभी निष्कर्ष सत्यापित साक्ष्यों और वैज्ञानिक विश्लेषण पर आधारित हों.

उसने स्पष्ट किया है कि दुर्घटना जांच का एकमात्र उद्देश्य सुरक्षा संबंधी सबक और सिफारिशों की पहचान करके विमानन सुरक्षा को बेहतर बनाना है, न कि किसी पर दोष या कानूनी जिम्मेदारी तय करना। इसलिए, सभी हितधारकों, मीडिया और आम जनता को जांच पूरी होने तक किसी भी प्रकार की अटकलबाजी या समयपूर्व निष्कर्षों से बचने की सलाह दी गयी है। एएआईबी ने एक प्रारंभिक जांच रिपोर्ट 12 जुलाई 2025 को जारी की थी.